Indian Cyber Crime Coordination Centre

सहवीर्य करवावहै • Working Together With Vigour

जनहित में जारी:

Indian Cyber Crime Coordination Centre (I4C)
Ministry of Home Affairs, Government of India

डिजिटल सुरक्षा का मंत्र:

रुको. सोचो. फिर एक्शन लो.

दैनिक साइबर सुरक्षा सुझावों के लिए @CyberDost को फ़ॉलो करें।

किसी भी साइबर अपराध की रिपोर्ट करें: www.cybercrime.gov.in

या

कॉल करें: नेशनल हेल्पलाइन नंबर **1930**

गृह मंत्रालय
MINISTRY OF HOME AFFAIRS
सत्यमेव जयते

स्कैम पहचानें। सतर्क रहें। सुरक्षित रहें।

साइबर जागरूक बनें. साइबर सुरक्षित बनें.

खतरे के संकेत समय रहते पहचानें

निवेश धोखाधड़ी

स्कैमर्स सोशल मीडिया या WhatsApp/Telegram के जरिए शेयर/क्रिप्टो ट्रेडिंग या सरकारी योजनाओं में मुनाफ़े का लालच देते हैं।

- **कम समय में तेज़ मुनाफ़े के वादों से सतर्क।**
- **कंपनी या ऑफर को SEBI/संबंधित सरकारी वेबसाइट पर जरूर जांच लें।**
- **सोशल मीडिया से लिंक या ऐप इंस्टॉल न करें।**

'WhatsApp' धोखाधड़ी

स्कैमर्स आपके परिचित के नाम का इस्तेमाल कर "गलती से भेजा गया" कहकर OTP फॉरवर्ड करने को कहते हैं। OTP साझा करने पर WhatsApp अकाउंट हैक हो सकता है।

- **OTP किसी के साथ साझा न करें। पहले फोन कॉल से पुष्टि करें।**
- **WhatsApp कभी भी चैट के माध्यम से वेरिफिकेशन कोड नहीं मांगता।**

डिजिटल गिरफ्तारी

स्कैमर्स बैंक, टेलीकॉम या पुलिस/CBI अधिकारी बनकर कॉल करते हैं और कहते हैं कि आपका SIM/Aadhaar किसी गंभीर अपराध से जुड़ा है। फिर वे पूछताछ के नाम पर पैसे मांगते हैं।

- **कोई भी सरकारी अधिकारी वीडियो कॉल पर जांच नहीं करता।**
- **तुरंत कॉल काटें और रिपोर्ट करें।**

रिफंड धोखाधड़ी

रिफंड के नाम पर फर्जी कॉल या मैसेज भेजकर स्कैमर्स लिंक के जरिए OTP या बैंक डिटेल लेकर अकाउंट से पैसा निकाल लेते हैं।

- **रिफंड के लिए OTP या PIN की जरूरत नहीं होती।**
- **कोई भी जानकारी साझा करने से पहले जांच करें।**

'पार्ट-टाइम नौकरी' धोखाधड़ी

वर्क-फ्रॉम-होम नौकरी के नाम पर सोशल मीडिया से रजिस्ट्रेशन या टास्क फीस लेकर स्कैमर्स गायब हो जाते हैं या और पैसे मांगते हैं।

- **असली नौकरी के ऑफर में पैसे नहीं देने पड़ते। तुरंत रिपोर्ट करें।**

साइबर गुलामी

विदेश में ऊंची तनख्वाह वाली नौकरी का लालच देकर लोगों को फर्जी साइबर फ्रॉड कॉल सेंटर्स में काम करने के लिए मजबूर किया जाता है, अक्सर टूरिस्ट वीज़ा पर ले जाकर उन्हें बंधक बना लिया जाता है।

- **विदेश हमेशा अधिकृत एजेंटों के माध्यम से और वैध वीज़ा पर ही जाएं।**

सेक्सटॉर्शन

सेक्सटॉर्शन अक्सर सोशल मीडिया या डेटिंग साइट्स पर सामान्य बातचीत से शुरू होती है, जिसके बाद स्कैमर्स निजी तस्वीरों या वीडियो कॉल का गलत इस्तेमाल कर पैसे मांगते हैं।

- **निजी तस्वीरें या जानकारी कभी साझा न करें।**
- **पैसे कभी न दें और तुरंत रिपोर्ट करें।**

'डेटिंग ऐप' धोखाधड़ी

स्कैमर्स फर्जी प्रोफाइल बनाकर भरोसा जीतते हैं और पैसे, निजी जानकारी या निवेश के लिए उकसाते हैं, जिससे ब्लैकमेल या निवेश धोखाधड़ी हो सकती है।

- **ऑनलाइन परिचित को पैसे या निजी जानकारी कभी न भेजें।**
- **अनुचित संदेशों की तुरंत रिपोर्ट करें।**

'तुरंत लोन' धोखाधड़ी

फर्जी ऐप/वेबसाइट कम ब्याज पर तुरंत लोन का वादा कर बाद में भारी ब्याज और जुर्माना लगाकर परेशान करती हैं।

- **केवल RBI-स्वीकृत लोन ऐप्स ही डाउनलोड/उपयोग करें।**
- **PAN, OTP या Aadhaar अनजान स्रोतों के साथ साझा न करें।**

धोखाधड़ी से पैसे ट्रांसफर

"गलती से" पैसे भेजने का दावा कर स्कैमर्स फर्जी स्क्रीनशॉट दिखाकर पैसे वापस मांगते हैं, जबकि अकाउंट में पैसा आया ही नहीं होता।

- **SMS का हेडर और बैंक से अपना वास्तविक अकाउंट बैलेंस जांचें।**
- **केवल स्क्रीनशॉट या फोन कॉल के आधार पर पैसे न भेजें।**

'फेक गेमिंग ऐप्स'

ये ऐप असली गेम जैसे दिखते हैं, लेकिन डेटा चोरी, फर्जी रिवॉर्ड या पैसे ठगने के लिए बनाए जाते हैं।

- **ऐप सिर्फ भरोसेमंद ऐप स्टोर्स से डाउनलोड करें।**
- **रिव्यू और ऐप परमिशन जरूर जांचें।**